अंजू त्रिपाठी ने नगर पंचायत कर्मचारियों ... पृष्ठ 2 | ईडी ने की दुर्ग क्षेत्र के बालोद... पृष्ठ 3


# नांदगांव टाइम्स

शुक्रवार, 23 मई 2025, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 49, अंक 213, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए





।। जय श्री जलाराम ।।

**श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर**

उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।

नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।

ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।

मो: 98274-61508, 83192-88559


## प्रधानमंत्री ने अम्बिकापुर सहित देशभर के 103 पुनर्विकसित रेलवे स्टेशनों किया लोकार्पण

### अमृत स्टेशनों में दिखेगी विकसित भारत की झलकः मुख्यमंत्री, 6 करोड़ से अधिक की लागत से विकसित किया गया अम्बिकापुर में अमृत स्टेशन



**रायपुर।** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत आज देशभर के 103 स्टेशनों का वर्चुअल उद्घाटन किया। इनमें छत्तीसगढ़ के अम्बिकापुर सहित 5 रेल्वे स्टेशन शामिल हैं। इन रेल्वे स्टेशनों को विश्वस्तरीय सुविधाओं से लैस किया गया है। यह भारतीय रेलवे के विकास की नई संस्कृति है, जिसमें चुनिंदा रेल्वे स्टेशनों को पुनर्विकसित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय इस वर्चुअल कार्यक्रम में अम्बिकापुर रेल्वे स्टेशन से जुड़े। गौरतलब है कि भारतीय रेल और देश के प्रधानमंत्री श्री मोदी की दूरदृष्टि का परिणाम रहा है कि इन विकास कार्यों से स्थानीय यात्रियों को आधुनिक सुविधाएं मिलेंगी और क्षेत्र में पर्यटन एवं आर्थिक गतिविधियों को गति मिलेगी। भारतीय रेलवे द्वारा 1337 स्टेशनों के कायाकल्प की शुरुआत की है, इनमें 103 स्टेशनों के पुनर्विकास का कार्य पूर्ण हो चुका है। उनमें छत्तीसगढ़ राज्य के पांच स्टेशन बिलासपुर मंडल का अम्बिकापुर, रायपुर मंडल का उरकुरा, भिलाई, भानुप्रतापपुर तथा नागपुर मंडल का डोंगरगढ़ रेलवे स्टेशन शामिल हैं। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने इस अवसर पर कहा कि सम्माननीय लरंग साय जी के प्रयासों के कारण ही अम्बिकापुर में रेलवे स्टेशन की स्थापना हुई है। देश के प्रधानमंत्री श्री मोदी 140 करोड़ देशवासियों को अपना परिवार मानते हुए काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले 2047 तक छत्तीसगढ़ को विकसित राज्य बनाना है। अमृत काल के तहत रेलवे स्टेशन का लगातार विकास किया जा रहा है। आज प्रदेश के जिन पांच स्थानों का लोकार्पण हुआ है, वह विकसित हो रहे भारत की झलक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब जशपुर जिले को भी रेल कनेक्टिविटी से जोड़ने की दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। कार्यक्रम में कृषि मंत्री श्री रामविचार नेताम, वित्तमंत्री श्री ओ.पी. चौधरी, महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल, सांसद श्री चिंतामणि महाराज, विधायक श्री राजेश अग्रवाल, श्रीमती शकुंतला पोर्ते, श्रीमती उद्देश्वरी पैकरा, श्री राम कुमार टोप्पो, श्री प्रबोध मिंज, छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष श्री विश्व विजय सिंह तोमर, महापौर श्री मंजूषा भगत मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन, सहित अनेक जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में सरगुजा अंचल के नागरिक शामिल हुए।



**अम्बिकापुर रेलवे स्टेशन-** छत्तीसगढ़ की आदिवासी सांस्कृतिक विरासत का केंद्र रहा अम्बिकापुर का रेलवे स्टेशन देश की जीवनरेखा भारतीय रेल का एक अभिन्न अंग है। इस रेलवे स्टेशन को अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया गया है। यात्रियों को पूरी तरह से सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से इस नए स्टेशन भवन में कई नए प्रावधान भी किए गए हैं। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत अम्बिकापुर रेलवे स्टेशन में 6 करोड़ 29 लाख रुपए की लागत से उन्नयन तथा आधुनिकीकरण के कार्य किए गये हैं, जिसमें सर्कुलेटिंग क्षेत्र को बेहतर बनाते हुए रोड का चौड़ीकरण, यात्रियों के स्वागत के लिए सुसज्जित प्रवेशद्वार, 3900 वर्गमीटर सड़क, 3677 वर्गमीटर पर दोपहिया, तिपहिया एवं चारपहिया वाहनों के लिए पार्किंग व्यवस्था भी की गई है। अम्बिकापुर रेलवे स्टेशन में उन्नत व आधुनिक सुविधाओं से युक्त द्वितीय श्रेणी, उच्च श्रेणी प्रतीक्षालय एवं वीआईपी कक्ष, 6 नए आधुनिक छायादार प्लेटफार्म शेड, महिलाओं, पुरुषों और दिव्यांगजनों हेतु आधुनिक शौचालय, वॉटर फाउंटेन, ट्रेन/कोच डिस्प्ले बोर्ड, सीसीटीवी कैमरे, रैम्प एवं टैक्टाइल टाइल्स, 300 मीटर स्टेनलेस स्टील रेलिंग, 58 स्ट्रीट लाइट्स, बेहतर प्रकाश व्यवस्था हेतु हाई मास्ट लाइट, नवीनतम पब्लिक अनाउंसमेंट सिस्टम का लाभ यहाँ के यात्रियों को मिलेगा।

### खात्मे की ओर नक्सलवाद

## बीजापुर में सुरक्षाबल ने पांच नक्सलियों को किया ढेर, दो जवान घायल



**बीजापुर/नारायणपुर/सुकमा।** शीर्ष माओवादी नेता नंबाला केशव राव उर्फ बसवराजु को एक दिन पहले मार गिराने के बाद भी सुरक्षाबल का अभियान जारी है. गंगालूर थाना क्षेत्र अंतर्गत पीडिया के जंगलों में जारी मुठभेड़ में डीआरजी ने पांच नक्सलियों को मार गिराया है. इस दौरान दो जवानों के घायल होने की खबर है. वहीं नारायणपुर में आईईडी ब्लास्ट में एक जवान शहीद हो गया है. बता दें कि एक दिन पहले ही बुधवार को अबूझमाड़ के घने जंगलों में नक्सलियों के खिलाफ चलाए गए अब तक के सबसे बड़े अभियान में डीआरजी के जवानों ने माओवादी संगठन के महासचिव और शीर्ष नेता नंबाला केशव राव उर्फ बसवराजु के साथ कुल 27 नक्सलियों को मार गिराया था. इसके बाद भी सुरक्षाबल के जवानों ने बिना विराम लिए नक्सलियों के खात्मे में जुटे हुए हैं. अबूझमाड़ ऑपरेशन अभियान के दौरान कल 21 मई को शाम लगभग 7 बजे आईईडी की चपेट में आने से छ्त्र बीजापुर के जवान रमेश हेमला शहीद हो गए. इससे पूर्व 21 मई को ही सुबह नक्सली हमले का बहादुरी से सामना करते हुए नारायणपुर जिले के औरचा थाना क्षेत्र के ग्राम भटबेडा का निवासी डीआरजी टीम के सदस्य खोटलूराम कोर्राम शहीद हो गए थे. दोनों शहीद जवानों का पार्थिव शरीर नारायपुर जिला मुख्यालय में लाया जा रहा है,

## सभी विभागों में फाइव डे वर्किंग बंद हो - मनोज निर्वाणी



**मुख्यमंत्री से शीघ्र मांग की जाएगी**

**राजनंदगांव( नांदगांव टाइम्स )।** जिला भारतीय जनता पार्टी झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक मनोज निर्वाणी ने कहा कि पुलिस विभाग द्वारा लिया गया निर्णय बहुत ही बढ़िया शानदार तथा जोरदार निर्णय हैं वास्तव में ऐसा निर्णय हर विभाग में होना चाहिए

5 दिन वर्क होने के कारण शनिवार को छुट्टी हो जाती है अगर सप्ताह में शुक्रवार को छुट्टी हो गई तो शुक्र शनि रवि 3 दिन छुट्टी हो जाती है अगर गुरुवार को छुट्टी होती है कुछ अधिकारी कर्मचारी शुक्रवार को अपने कार्य स्थल पर नाम मात्र के लिए पहुंचते हैं या तो पहुंचते ही नहीं है बुधवार को अगर छुट्टी होती है तो कुछ कर्मचारी अधिकारी गुरु शुक्र की छुट्टी लेकर सीधे सोमवार को आते हैं मंगलवार को अगर छुट्टी हो जाती है तो सोमवार को कुछ अधिकारी छुट्टी ले लेता है और सीधा बुधवार को आता है जो काम सुचारू रूप से चलना चाहिए सप्ताह में किसी एक दिन भी छुट्टी होने पर उसका प्रवाह रुक जाता है शासकीय कार्य में वैसे भी बहुत विलंब होता है किसी दिन बाबू नहीं आता तो अधिकारी ड्यूटी में रहते हैं जिस दिन ड्यूटी में अधिकारी नहीं आते हैं तो बाबू ड्यूटी में रहते हैं जिस इन दोनों आते हैं उसे दिन आवेदक स्थान पर नहीं पहुंच पाता रोज की मीटिंग अधिकारियों के दौर बाबुओं के बाहरी कम के कारण बहुत परेशानियां तथा तकलीफ का वातावरण बन जाता है जिसके कारण 2 दिन में होने वाले काम महीना लग जाते हैं दूर से आने वाले व्यक्ति के लिए जिला केंद्र में प्रतिदिन पहुंच पाना असंभव की तरह है अगर यह सभी विभागों में लागू हो गया तो प्रशासन की बहुत सारी समस्याओं में से यह भी एक समस्या दूर हो जाएगी और समय-समय पर होने वाले काम को गति मिलेगी 5 दिन वर्किंग डे वास्तव में यह एक बहुत बहुत जटिल समस्या है इसका समाधान आज पुलिस मुख्यालय के माध्यम से हुआ है वास्तव में बहुत अच्छी शुरुआत है इस कड़ी को आगे बढ़ते हुए सभी विभागों में शीघ्र से शीघ्र लागू करनी चाहिए जिससे फील्ड में तथा ऑफिस में काम करने वाले अधिकारी तथा कर्मचारी के मन में भी श्रद्धा भावना तथा प्रेम बना रहे अलग-अलग दिन में छुट्टी मिलना से ही आपसी मनमुटाव और ऑफिस कार्यालय का वातावरण भी खराब होता है यह सब स्थिति को देखते हुए सभी विभागों में यह लागू होना चाहिए जिला भारतीय जनता पार्टी के जिला संयोजक मनोज निर्वाणी ने विष्णु देव सरकार से मांग की है कि फाइव डे वर्किंग को शीघ्र से शीघ्र बंद किया जाए।

## हमारी प्राथमिकता जनता को मुलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना : शैंकी बग्गा



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** 21 मई 2025 को राजनांदगांव शीतला माता वार्ड क्र. 24 के जमातपारा और दीवानपारा मे भ्रमण किया और जनमानस से मिलकर उनके सुख-दुख और समस्याओं को सुना और समस्याओं का निराकरण करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। जनमानस को आयुष्मान कार्ड और 70 साल से ऊपर वरिष्ठो को आयुष्मान वय वंदना कार्ड आयुष्मान ऐप से तुरंत बना के दीया। श्रमिक परिवार को असंगठित कर्मकार मंडल और भवन एवं अन्य संनिर्माण मंडल के अंतरगत श्रमिक कार्ड का पंजीकरण, संसोधन और नवीनीकरण करवा के दिया तथा श्रमिको के लिए विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओ को बताकर आवेदन करवाया। हमारी प्राथमिकता जनता को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना, जनमानस की सेवा और प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए केंद्र और राज्य सरकार की प्रमुख योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए मैं प्रयास कर रहा हूं।

## सन सिटी में समर क्रिकेट प्रीमियर लीग का शानदार समापन....





**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** महावीर सन सिटी परिवार में विगत 18 मई से तीन दिवसीय छोटा गोला क्रिकेट प्रीमियर लीग का शानदार आयोजन कल रात फाइनल मैच के साथ संपन्न हुआ, फाइनल मैच टीम अग्रसेन ट्रेडर्स और टीम फोनवाले के बीच हुआ जिसमें फोनवाले के 1 रन से रोमांचक जीत दर्ज कर ट्रॉफी पर कब्जा किया, फाइनल मैच के मैन ऑफ द मैच वीरेंद्र जैन रहे, प्रतियोगिता के बेस्ट फील्डर दिलीप खंडेलवाल, बेस्ट बैट्समैन तनय संचेती, बेस्ट बॉलर आयूषतथा मैन ऑफ द सीरीज जिनेश डाकलिया रहे। प्रतियोगिता के अंपायर के रूप में कल्पेश चौहान,दीपक पटेल ने अपनी सेवाएं दी। इस क्रिकेट प्रीमियर लीग में कुल 6 टीमों ने भाग लिया। जिनमें अग्रवाल फैमिली रेस्टोरेंट,( ओनर गौरव अग्रवाल) फोनवाले ( ओनर अभिषेक गुप्ता ) अग्रवाल ट्रेडर्स (ओनर अनूप अग्रवाल ) पूकी गैंग ( ओनर कान्हा शर्मा रचित कोटक हर्ष प्रथम भोजानी ) सलूजा लॉजिस्टिक्स ( ओनर गुरूभेज सिंह ) लिटील हार्ट्स ( ओनर जिनेश डाकलिया ) रहे। प्रतियोगिता हेतु जर्सी के प्रायोजक सुमित तथा ट्रॉफी प्रायोजक पंख रेस्टोरेंट थे। छोटा गोला क्रिकेट हेतु संयोजक कान्हा शर्मा तनय संचेती थे, इसके प्रभारी अमितोज सिंह प्रथम भोजानी सम्राट माहेश्वरी लक्ष्य मिठीया रहे। प्रतियोगिता के तीनों ही दिन मैच देखने पधारे सभी परिवार ने हाई टी के साथ बर्फ गोला का भी जायका लिया। अध्यक्ष आनंद चोपड़ा के नेतृत्व में कार्यकारी अध्यक्ष सुशील माहेश्वरी कोषाध्यक्ष राजेश डागा अतुल चोपड़ा व उनकी पूरी टीम ने मिलकर बच्चों हेतु शानदार आयोजन किया। इसकी ग्रैंड ओपनिंग सेरेमनी व पुरस्कार वितरण हेतु प्रभारी सन सिटी परिवार की कार्यक्रम आयोजित करने वाली महिलाओं की टीम थी जिसमें पिंकी माहेश्वरी रितिका तिवारी दीप्ति बिंदल नीलम सोनी रुचि श्रीवास्तव सहित अनेक सदस्य रहे। सन सिटी में तीन दिन तक क्रिकेट का रोमांच चरम पर रहा। यह जानकारी पीआरओ मनीष साहिता योगेश कोटक द्वारा दी गई।


## 18 वीं पुण्यतिथि









श्रीमती लक्ष्मी बाई पांडे

पुण्य स्मरण

निधन 23 मई 2007



दैनिक नांदगांव टाइम्स परिवार, राजनांदगांव


## राष्ट्रीय बॉडी बिल्डिंग स्पर्धा में जिले को दो पदक



**गुलशन सिन्हा ने कास्य, तुषार सोरी ने रजत पदक जीता**

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** बैंगलोर में आयोजित 71वीं राष्ट्रीय शरीर सौष्ठव प्रतियोगिता 2025 का आयोजन 17 से 18 मई को महारानी कालेज आडिटोरियम बैगलुरू में संपन्न हुई। जिला शरीर सौष्ठव संघ के अध्यक्ष अमित आजमानी, जिला शरीर सौष्ठव संघ के सचिव शेख वसीम ने संयुक्त रूप से बताया कि इंडियन फिटनेश बॉडी बिल्डिंग चैम्पियनशीप में राजनांदगांव जिले से तीन खिलाडियों ने भाग लिया। उक्त स्पर्धा में जिले को 2 पदक प्राप्त हुये। भारत उदय जूनियर वर्ग में गुलशन सिन्हा (दिग्विजय कॉलेज जिम) को कास्य पदक जिते वही जूनियर वर्ग में भारत किशोर में तुषार सोरी (जिम लांच) ने रजत पदक प्राप्त करने में सफलता अर्जित की। इसी वर्ग में विक्रम को चौथा स्थान प्राप्त हुये। इस स्पर्धा में सभी राज्यों के 175 खिलाडियों ने भाग लिया। छ.ग.प्रदेश के टीम कोच के रूप में तामेश्वर बंजारे कोच एवं राष्ट्रीय निर्णायक के सदस्य के रूप में अपनी सहभागिता दी। उक्त नवोदित खिलाडियों के द्वारा राष्ट्रीय स्पर्धा में भाग लेकर जिले के लिये पदक जीतने पर हर्ष का माहौल है। उक्त सफलता पर अमित आजमानी, शेख वसीम, विवेक रंजन सोनी, नीरज शुक्ला, अजय श्रीवास्तव, बसंत मैगी, जग्गू सिंह ठाकुर, दीपक सोनी, अशोक श्रीवास, दीपक ठाकुर, दाउद खान, अजय लोहार, नाहिद अख्तर, नारायण लोहार आदि ने शुभकामनाएं प्रेषित की।

## पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए 30 सितम्बर तक ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा शिक्षा वर्ष 2025-26 में पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालय, विश्वविद्यालय, इंजीनियरिंग कालेज, मेडिकल कालेज, आईटीआई, पालिटेक्निक, कृषि, उद्यानिकी, फॉमेसी एवं अन्य संस्थाओं में अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों से ऑनलाईन नवीन एवं नवीनीकरण आवेदन आमंत्रित की गई है।

nandgaon times may-23-2.qxd 5/22/2025 11:57 PM Page 2



# अंजू त्रिपाठी ने नगर पंचायत कर्मचारियों को परिचय पत्र वितरण, किया,आम नागरिकों को मिलेगा लाभ



**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर पंचायत अध्यक्ष अंजू त्रिपाठी ने अपने निर्देशानुसार नगर पंचायत के सभी कर्मचारियों को परिचय पत्र वितरित किए। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष ने सभी कर्मचारियों को निर्देश दिया कि वे अपने पूरे ड्यूटी टाइम पर परिचय पत्र लगा कर काम करें, जिससे किसी भी आम नागरिक को उन्हें पहचानने में दिक्कत न हो।

**पारदर्शिता और जवाबदेही की दिशा में एक कदम**

नगर पंचायत अध्यक्ष अंजू त्रिपाठी का यह कदम पारदर्शिता और जवाबदेही की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे न केवल कर्मचारियों की पहचान आसान होगी, बल्कि आम नागरिकों को भी अपने कार्यों के लिए जिम्मेदार अधिकारियों से संपर्क करने में मदद मिलेगी।

नगर पंचायत अध्यक्ष अंजू त्रिपाठी का यह कदम उनके व्यक्तित्व की झलक देता है। वे एक ऐसी नेता हैं जो पारदर्शिता और जवाबदेही को महत्व देती हैं और अपने कार्यों के माध्यम से आम नागरिकों के जीवन में सुधार लाने के लिए प्रयासरत हैं।

**आम नागरिकों के लिए एक बड़ा फायदा**

इस कदम से आम नागरिकों को अपने कार्यों के लिए जिम्मेदार अधिकारियों से संपर्क करने में आसानी होगी। इससे नगर पंचायत के कार्यों में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ेगी, जिससे आम नागरिकों का विश्वास नगर पंचायत पर बढ़ेगा।

**नगर पंचायत के विकास के लिए प्रतिबद्ध**

नगर पंचायत अध्यक्ष अंजू त्रिपाठी नगर पंचायत के विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। वे अपने कार्यों के माध्यम से आम नागरिकों के जीवन में सुधार लाने के लिए प्रयासरत हैं। परिचय पत्र वितरण का यह कदम इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

**कर्मचारियों के लिए भी फायदेमंद**

इस कदम से कर्मचारियों को भी फायदा होगा। वे अपने कार्यों को और अधिक पारदर्शी और जवाबदेह तरीके से कर पाएंगे, जिससे उनकी कार्यक्षमता बढ़ेगी।


**नगर पंचायत की छवि में सुधार**

इस कदम से नगर पंचायत की छवि में भी सुधार होगा। आम नागरिकों को नगर पंचायत के कार्यों में पारदर्शिता और जवाबदेही दिखाई देगी, जिससे उनका विश्वास नगर पंचायत पर बढ़ेगा।

नगर पंचायत अध्यक्ष अंजू त्रिपाठी की नेतृत्व क्षमता का यह एक उदाहरण है। वे अपने कार्यों के माध्यम से आम नागरिकों के जीवन में सुधार लाने के लिए प्रयासरत हैं और नगर पंचायत के विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# सड़क दुर्घटना में जान बचाने के लिए मिलेगा 25000 की सम्मान राशि

## बचाने वाले को कहा जाएगा राहवीर



**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** बढ़ते हुए सड़क दुर्घटना और उसमे हो रहे मौतों को देखते हुए भारत सरकार ने अब घायलो की मदद करने वालो के लिए राहवीर योजना लांच किया है, जिसमे अब कोई भी व्यक्ति जो गंभीर सड़क दुर्घटनाओं में पीड़ित व्यक्ति की तत्काल

सहायता करके दुर्घटना के स्वर्णिम समय (गोल्डन ऑवर) के भीतर अस्पताल / ट्रामा केयर सेंटर में पहुंचाकर चिकित्सा उपचार हेतु पहल कर जान बचाई हो, ऐसे नेक व्यक्ति को पुरस्कार प्रदान करने की योजना का अनुमोदन किया गया है। इस योजना का उदेश्य आमजनता को आपातकालीन स्थिति में सड़क दुर्घटना पीड़ितों की मदद करने के लिए प्रेरित करना, निर्दोष लोगों की जान बचाने के लिए दूसरों को प्रेरित करना है द्व क्या है गोल्डन ऑवर - मोटरयान अधिनियम की धारा 2 (125) के अनुसार गोल्डन ऑवर का अर्थ है किसी दर्दनाक चोट के बाद एक घण्टे तक चलने वाली अवधि जिसके दौरान तत्काल चिकित्सा देखभाल प्रदान करके मृत्यु को रोकने की सबसे अधिक संभावना होती है। राहवीरों को मिलेगा सम्मान राशि -राह-वीर (गुड से मेरिटन) मोटर वाहन से जुड़ी एक गंभीर सड़क दुर्घटना के पीड़ितों की जान बचाता है, तो पुरस्कार स्वरुप उन्हें 25,000/- तथा प्रशंसा प्रमाण पत्र दिया जावेगा साथ ही प्रत्येक मामले में पुरस्कार के अलावा, सबसे योग्य राह-वीर 1 नेक व्यक्तियों (जिन्हें पूरे वर्ष के दौरान सम्मानित किये गये सभी व्यक्तियों में से चुना जायेगा) के लिए 10 राष्ट्रीय स्तर के पुरस्कार होंगे और उन्हें 1,00,000/- रू. का पुरस्कार दिया जायेगा।इस योजना को व्यापक स्तर में प्रचार प्रसार हेतु अध्यक्ष अंतर्विभागीय लीड एजेंसी (सुरक्षा सुरक्षाद्वपुलिस मुख्यालय रायपुर द्वारा सभी कलेक्टरों तथा पुलिस अधीक्षकों की पत्र जारी किया गया है।भारत सरकार के इस योजना से निश्चित ही सडक दुर्घटनाओ में पीड़ित लोगो की सहायता करने के संबंध जागरूकता आएगी तथा तत्काल चिकित्सा लाभ से सड़क दुर्घटना में हो रही मौतों में कमी आयेगी।

# 43 वर्षो में खुज्जी करमरी करेठी मार्ग की नहीं बदली सूरत, करमरी सरपंच दीनदयाल साहू ने सुशासन तिहार पर कलेक्टर को सौंपा पत्र रखी मांग

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** खुज्जी से करमरी मार्ग की दूरी मात्र 12 किलोमीटर है साथ ही बालोद जिला के देवरी और दिल्ली राजहरा जाने का एकमात्र प्रमुख मार्ग है जहां कम से कम 10 से 15 बसों की आवाजाही प्रतिदिन होती है। इसके अतिरिक्त गढ़चिरौली महाराष्ट्र की तरफ से आने वाले ट्रक भी धमतरी मार्ग में जाने के लिए इसी मार्ग से होकर गुजरती है.आसपास ग्रामों के लिए डोंगरगांव से इकलौता महाविद्यालय होने के कारण क्षेत्र के समस्त छात्र छात्राएं इसी मार्ग से आवागमन करती है। करमरी से करेठी तक रोड बनाने एवं करमरी से देवरी तक रोड बनाने की मांग जिला कलेक्टर को पत्र सौंपते हुए ग्राम पंचायत करमरी के सरपंच दीनदयाल साहू ने क्षेत्र वासियों के साथ मांग रखी। करमरी सरपंच दीनदयाल साहू ने कलेक्टर को बताया कि ग्राम करमरी से करेठी देवरी रोड सन 1972 में बना है जो कि आज तक रोड पर कोई भी प्रकार का चौड़ीकरण या अन्य कोई भी प्रकार का रिपेयरिंग नहीं किया गया है। आए दिन इस सड़क पर दुर्घटना होते रहता है सरपंच दीनदयाल साहू सहित क्षेत्र वासियों ने कलेक्टर महोदय से अनुरोध किया कि रोड को अतिशीघ्र बनवाने की कृपा करें।



# सुशासन तिहार अंतर्गत डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम मुरमुंदा में समाधान शिविर का हुआ आयोजन

## कलेक्टर ने ग्रामीणों की समस्याओं एवं मांगों को गंभीरतापूर्वक सुना, निर्धारित समय में निराकरण करने अधिकारियों को दिए निर्देश



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** राज्य शासन की मंशा के अनुसार डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम मुरमुंदा में 12 ग्राम पंचायतों के लिए सुशासन तिहार के अंतर्गत समाधान शिविर आयोजित किया गया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती किरण साहू, कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे समाधान शिविर में शामिल हुए। ग्राम मुरमुंदा कलस्टर में ग्राम पंचायत मुरमुंदा, रेंगाकठेरा, मुंदगांव, डुण्डेरा, खलारी, मुडपार, रांका, कुर्रूभाठ, पिपरिया, भण्डारपुर, गाजमर्रा, जामरी से प्राप्त आवेदनों के निराकरण के लिए संयुक्त रूप से समाधान शिविर आयोजित किया गया। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे समाधान शिविर में उपस्थित ग्रामवासियों से रूबरू हुए। उन्होंने ग्रामीणों की समस्या एवं मांगों से संबंधित प्राप्त आवेदनों को बारी-बारी से गंभीरतापूर्वक सुनकर नियमानुसार निर्धारित समय-सीमा के भीतर निराकरण करने अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनमानस स्टालों में जाकर शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ ले सकते हैं। समाधान शिविर में श्रम विभाग के संचालित योजनाओं से लाभान्वित होने के लिए बड़ी संख्या में श्रमिकों द्वारा श्रमिक पंजीयन कराया गया और त्वरित श्रमिक कार्ड प्रदान किया गया। इसी तरह परिवहन विभाग के स्टॉल में ग्रामीणों ने लर्निंग लायसेंस बनवाया। शिविर में स्वास्थ्य विभाग के स्टॉल में ग्रामवासियों ने बड़ी संख्या में रक्त परीक्षण, ब्लड प्रेशर, मधुमेह का परीक्षण कराया। स्वास्थ्य जांच के बाद उन्हें स्वास्थ्य विभाग की ओर से आवश्यकता अनुसार दवाईयों का वितरण किया गया। वही आयुर्वेद विभाग के स्टॉल में जनसामान्य को मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए दवाईयों का वितरण किया गया। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, कृषि विभाग, श्रम विभाग, महिला एवं बाल विकास, राजस्व, मछली पालन, पशुधन विकास, लोक निर्माण, केडा विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, जल संसाधन, स्वास्थ्य विभाग, परिवहन विभाग, शिक्षा विभाग, जिला सहकारी, आयुर्वेद विभाग, खाद्य विभाग सहित अन्य विभागों को प्राप्त आवेदनों के निराकरण की जानकारी दी गई। विभागीय अधिकारियों ने प्राप्त आवेदनों के निराकरण का वाचन किया। शिविर में श्रमिक कार्ड, राशन कार्ड, जॉब कार्ड, वय वंदन आयुष्मान कार्ड, लर्निंग लाईसेंस, दिव्यांग प्रमाण पत्र, व्यक्तिगत शौचालय स्वीकृति पत्र, ऋण पुस्तिका, जाति प्रमाण पत्र, जल परीक्षण कीट, किसान केडिट कार्ड, पेंशन स्वीकृति पत्र सहित विभिन्न शासकीय योजनाओं के तहत सामग्री वितरण कर हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती लता सिन्हा, जिला पंचायत सदस्य श्री प्रशांत कोड़ापे, उपाध्यक्ष जनपद पंचायत श्री हीराराम वर्मा, सदस्य जनपद पंचायत श्री उमेश साहू, श्री टामेश्वर साहू, श्रीमती पूजा चौधरी, एसडीएम श्री मनोज मरकाम, सरपंच श्री खेमचंद सोरी, श्री फिरतू राम चंद्रवंशी, श्री अश्वनी कुमार चंद्रवंशी, श्री प्रदीप कुमार, श्री टियन चंद्रवंशी, श्रीमती ईश्वरी ठाकुर, श्रीमती भूमिका सिन्हा, श्रीमती नीता टेम्भुरकर, श्रीमती सविता सिन्हा सहित जिला अधिकारी अधिकारी, बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधिगण और ग्रामीणजन उपस्थित थे।



# महिला समूह अध्यक्ष पर 11 लाख रुपये गबन का आरोप, डोंगरगांव पुलिस पर गंभीर लापरवाही के आरोप



**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** ग्राम करेठी स्थित प्रज्ञा महिला स्व-सहायता समूह की अध्यक्ष गणेशिया बघेल पर 11 लाख रुपये के गबन का गंभीर आरोप लगाया गया है। समूह की अन्य सदस्यों ने आरोप लगाया है कि अध्यक्ष ने समूह की सहमति और जानकारी के बिना दो बार बैंक से ऋण उठाकर तथा बचत खाते से राशि निकालकर निजी उपयोग में खर्च किया। समूह की सदस्य पेमिन साहू, चित्ररेखा साहू, अनसुइया, सोनकुवर, सलेन्द्री, मुमताज बेगम सहित अन्य ने सोमवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। उन्होंने बताया कि सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया, डोंगरगांव शाखा से दो बार 3-3 लाख रुपये ऋण लिए गए, जिसकी जानकारी सदस्यों को तब हुई जब बैंक द्वारा वसूली के लिए संपर्क किया गया। इसके अतिरिक्त समूह के बैंक खाते से 2.5 लाख तथा वंदना ग्राम संगठन से भी 2.5 लाख की राशि आहरित की गई।

**थाने में 5 घंटे बैठाया, पर नहीं हुई सुनवाई**

महिला सदस्यों का आरोप है कि उन्होंने सबसे पहले डोंगरगांव थाने में शिकायत दर्ज करवाने की कोशिश की, लेकिन थाना प्रभारी द्वारा उन्हें सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक बैठा कर रखा गया और शिकायत दर्ज नहीं की गई। टीआई द्वारा एक माह तक इंतजार करने की सलाह दी गई, जिसके बाद महिलाएं एसपी कार्यालय पहुंचीं। सदस्यों ने मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर अध्यक्ष गणेशिया बघेल के खिलाफ अपराध दर्ज किया जाए और समूह की गबन की गई राशि की भरपाई कराई जाए।

# खुज्जी के लंगड़ा आम के नाम पर लूटे जा रहे लोग

**जोंधरा ( नांदगांव टाइम्स )।** डोंगरगांव विकासखंड के अंतर्गत आने वाला ग्राम राजाखुज्जी का लंगड़ा बाम खुज्जी नवाबों के जमाने में पूरे विश्वभर में प्रसिद्ध रहा है, पर राजतंत्र के खतम होने के साथ ही इस बगीचे में भी ग्रहण लग गया, इस बगीचे में लंगड़ा आम के साथ साथ और भी कई प्रजातियों के आम के पेड़ नवाब मोईनुद्दीन ने लगवाये थे। जब उन्होनें लगवाया था तब पेड़ो की संख्या लगभग 2000 के आसपास थी जो आज घटकर 400 के आसपास हो गयी है। ज्यादातर पेड़ मर चुके है बचे सभी पेड़ो में प्रत्येक वर्ष फल लगता है ऐसा नही है , कुछ पेड़ो में फल लगता है पर वो सभी लगड़ा प्रजाति के है ऐसा नही है बगीचे में आज भी लगड़ा प्रजाति के अलावा दूसरी प्रजाति के पेड़ भी जीवित है। मिलावट का खेल - बगीचे के पास लंगड़ा आम के नाम से जो आम बेचे जा रहे है वो सभी लगड़ा प्रजाति के आम हो ये जरूरी नही है ये तो खरीदते समय सामान्य ग्राहक समझ ही नही पाता जब वो आम लेकर घर पहुंचते है और खाने की लिए जब काटा जाता है तो ही समझ आता है कि एक किलो में आधे आम तो दूसरे प्रजाति के है। पर उसे लगड़ा आम की प्रजाति ममें मिलाकर 100 रूपये किलो में बेचा जाता है । प्रचार का हो रहा दुरूपयोग - पूर्व में जो प्रसिद्धि खुज्जी के लंगड़ा आम की थी आज भी जनमानस में उसकी छवि ज्यो की त्यों बनी हुई है पर अब खुज्जी का लंगड़ा आम अपने आस्तित्व बचाने की कगार पर पहुंच चुका है।

# राजेश श्यामकर के प्रयासों से मृतक के परिजनों को मिला 15 लाख का चेक

## कम्पनी में पहले ही दिन काम पर गया था और हो गया हादसा



**राजनांदगाँव ( नांदगांव टाइम्स )।** जिले के घुमका तहसील अंतर्गत गाँव पटेवा का रहने वाला नवयुवक कुणाल कुमार मांडले (17 वर्ष ) पिता तीरथ राम मांडले फुलझर की मेसर्स न्यू लूक बायोफ्यूलस प्राईवेट लिमिटेड जिस कंपनी में काम करने गया था वहाँ काम शुरू करने के पहले ही दिन विद्युत करेंट की चपेट में आकर जान गँवा बैठा । कंपनी ने उनके परिजनों को अंतिम संस्कार के लिये 50 हजार रूपये दे दिया था । गरीब परिवार पर आई इस विपदा पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य व भाजपा नेता राजेश श्यामकर ने मानवीयता का परिचय देते हुए शोक संतप्त परिवार को कंपनी की ओर से 15 लाख दिलाने में मदद की। घुमका तहसील में तहसीलदार के समक्ष श्री श्यामकर के नेतृत्व में मृतक के परिजनों को 15 लख रुपए का चेक प्रदान किया गया। श्री श्यामकर ने बताया कि इसमें जिला प्रशासन का भरपूर सहयोग मिला जिसके लिए उन्होंने धन्यवाद ज्ञापित किया है। उल्लेखनीय है कि श्री श्यामकर क्षेत्र की जनता के सुख -दुःख में हमेशा सहभागी बनकर मदद के लिये हाथ बढ़ाते रहे हैं । इस दौरान मुख्य रूप से पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजेश श्यामकर के साथ हेमंत ,नरेन्द्र वर्मा मण्डल अध्यक्ष,जागेश्वर साहू पूर्व मंडल अध्यक्ष, तिलाई के मंडल अध्यक्ष परदेसी सोनबोईर, रामदास जांगड़े, संतोष वर्मा,नोहेंद्र सिन्हा, विनोद बारले, मोहित वर्मा, गोविंदा श्रीवास,बहुर साहू, प्रमोद दुबे, फागू यादव,तोरण कस्यप, गंगेश्व वर्मा,दिलीप पटेल, अनिल राजपूत, नूनूनकरं वर्मा, सूरज पात्रे सहित घुमका तहसील कार्यालय के अधिकारी व कर्मचारी गण उपस्थित थे।

# विषय चयन एवं कैरियर ऑप्शंस को लेकर डीईओ ने डोंगरगांव विकासखंड में लिया कैरियर गाइडेंस कार्यशाला

**डोंगरगांव( नांदगांव टाइम्स )।** जिला कलेक्टर सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ,मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुरूचि सिंह के मार्गदर्शन में जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास कुमार सिंह बघेल के द्वारा राजनांदगांव जिले के लिए शानदार पहल किया।

जिसके तहत दसवीं उत्तीर्ण करने वाले 60त्न से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विकासखंड छुरिया के समस्त छात्रों को आज डोंगरगांव विकासखंड के सेजस स्कूल में कैरियर निर्माण संबंधी कार्यशाला में आमंत्रित किया गया साथ ही इस कार्यशाला में गणित एवं कॉमर्स विषय के व्याख्याताओ को भी शामिल किया गया।

कार्यशाला को मनोज मरकाम एपीसी समग्र शिक्षा, भगतसिंह ठाकुर बी आर सी राजनांदगांव ने संबोधित किया ।

राजनांदगांव जिले में यह पहला अवसर है जब जिला शिक्षा अधिकारी राजनांदगांव ने विषय चयन में दसवीं उत्तीर्ण होने के बाद बच्चों को आ रही कठिनाइयों के निराकरण करने के लिए इस प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन किया । जहां बच्चों के प्रश्नों का भी जवाब देते हुए उनके कैरियर और भविष्य निर्माण के लिए सूक्ष्मता से सभी बच्चों को विषय चयन पालकों की शिक्षकों की एवं स्वयं की रुचि के आधार पर अपनी क्षमताओं के आधार पर विषय का चयन किये जाने पर फोकस किया। इसी को ध्यान में रखकर हम अपनी क्षमताओं को ध्यान में रखकर सबसे बेहतर चुने अच्छा चुने और उस हिसाब से उसको लेकर आगे बढ़े ,अपना रणनीति बनाकर फोकस्ड पढ़ाई करें। कार्यशाला में जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा बच्चों को गणित विषय ,कॉमर्स ,बायो एवं आर्ट्स विषय से संबंधित क्या-क्या कैरियर ऑप्शंस हो सकते हैं ,किस तरह का कोर्स किया जा सकता है । अथवा उस कोर्स को करने के लिए संस्थाएं कहां पर है और उसके लिए किस तरीके से सुविधा मिलती है । इस पर विस्तार से सभी बच्चों से एवं विषय शिक्षकों से चर्चा की गई। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा विषय शिक्षकों से भी अपेक्षा की गई की राजनांदगांव जिले में गणित विषय को लेकर कैरियर निर्माण करने में बच्चों को आ रही दिक्कतों को सुलझाने अथवा उसका निराकरण करने कहा गया।जिससे बच्चे ज्यादा से ज्यादा बच्चे गणित और कॉमर्स जैसे विषय को लेकर विज्ञान जैसे विषय को लेकर अपने कैरियर को बेहतर कर सकें । साथ ही इस पर भी फोकस किया गया कि उन संस्थाओं के शिक्षकों और प्राचार्यो की अतिरिक्त कार्यशाला लिया जायेगा जिनके संस्थाओं में गणित अथवा कॉमर्स के बच्चों की संख्या निरंतर कम हो रही है। कार्यशाला समापन उपरांत शिक्षकों से बच्चों से फीडबैक लिया गया , जिसमें सभी ने आज की कार्यशाला की उपयोगिता और महत्ता की बहुत सराहना की और सभी ने जिला शिक्षा अधिकारी से इस प्रकार की मार्गदर्शन को नियमित रूप से आवश्यकता बताई । और जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास सिंह बघेल और शिक्षा विभाग की टीम को जिला कलेक्टर राजनांदगांव के मार्गदर्शन की सराहना की। कार्यशाला में छुरिया विकासखंड के सभी हाई स्कूल हायर सेकेंडरी के गणित व कॉमर्स विषय के व्याख्याता तथा 60त्न से अधिक अंक प्राप्त करने वाले बच्चे शामिल रहे। विकासखंड स्तर पर आयोजित यह कार्यशाला विकासखंड डोंगरगढ़ में होगी ।जहां विकासखंड के गणित एवं कॉमर्स विषय के व्याख्याताओं और सभी 60त्न से अधिक अंक प्राप्त करने बच्चे शामिल होंगे । आज के कार्यशाला में विकासखंड शिक्षा अधिकारी छुरिया प्रशांत चितवरकर,विकासखंड शिक्षा अधिकारी आर एल पात्रे विकासखंड स्रोत समन्वयक पीडी साहू एवं विकासखंड स्रोत समन्वयक अरविंद रत्नाकर एवं सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी डोंगरगांव जयंत साहू की उपस्थिति थे इस प्रकार से यह कार्यशाला सभी विकासखंडों में अलग-अलग तिथि को आयोजित की जा रही है।



# जिला पंचायत सीईओ ने विभिन्न विकास कार्यों एवं योजनाओं के प्रगति की विस्तृत समीक्षा की

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने जिला पंचायत सभाकक्ष से वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित सभी महत्वपूर्ण योजनाओं एवं कार्यक्रमों के प्रगति की समीक्षा की। जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह ने सुशासन तिहार अंतर्गत चयनित ग्राम पंचायतों में समाधान शिविर के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर में ग्रामीणों से प्राप्त सभी आवेदनों का समाधान होना चाहिए। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को आवेदनों के निराकरण का वाचन शिविर स्थल पर करने भी कहा। उन्होंने शिविर में विभागीय स्टॉल के माध्यम से शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकरी देने तथा पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ लेने के लिए प्रोत्साहित करने भी कहा। साथ ही शिविर स्थल पर पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से लाभान्वित करने कहा। जिला पंचायत सीईओ ने प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने आवास में प्लींथलेबल स्तर के कार्य होने के बाद त्वरित जिओ टैग करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वीकृत आवास निर्माण कार्य को शुरू करने तथा निर्माणाधीन आवास को शीघ्र पूरा करने निर्देशित किया।

**शुभांक**

**3-4-7**

**237-2 137-1**

**भाग्यांक**

**469-9 240-6**

nandgaon times may-23-2.qxd 5/22/2025 11:57 PM Page 3



## ज्ञान मंथन

*1) हिन्दूशाही शासकों की राजधानी कहां थी?*
*2) देश का पहला स्किल इंडिया सेंटर का उद्घाटन किस राज्य में किया गया?*
*3) 2024 के अनुसार, विश्व में सबसे अमीर शहर किसे घोषित किया गया है?*
*4) हाल ही में वेस्ट नाइल बुखार के मामले किस भारतीय राज्य में पाए गए है?*
*5) हाल ही मालती जोशी का निधन हुआ है वे कौन थी?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) उद्भांडपुर (2) ओडिशा (3) न्यूयॉर्क (4) केरल (5) लेखिका

# ग्राम अवारी (लिम्हाटोला) में आयोजित गोण्डवाना समाज के तीन दिवसीय अंतर्राज्यीय महासभा में उमड़ा विशाल जन सैलाब

### सांसद, विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष सहित अन्य जनप्रतिनिधियों के अलावा सामाजिक प्रतिनिधियों, विचारकों, चिंतको सहित सभी वर्गों के लोगों ने की आयोजन में सक्रिय सहभागिता



**बालोद ( नांदगांव टाइम्स )।** बालोद जिले के ग्राम आवारी (लिम्हाटोला) स्कूल मैदान में गोण्डवाना समाज संभाग मोहला अंतर्गत 19 से 21 मई तक आयोजित अंतर्राज्यीय तीन दिवसीय पंचवर्षीय महासभा के अवसर पर गोंडवाना समाज का विशाल जन सैलाब उमड़ पड़ा। इस तीन दिवसीय आयोजन में गोण्डवाना समाज संभाग मोहला के अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य के अलावा महाराष्ट्र राज्य के गढ़चिरौली एवं गोंदिया जिले के लगभग डेढ़ लाख लोगों ने कार्यक्रम में अपनी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की। जिससे समुचा माहौल गोण्डवाना संस्कृति एवं आचार-विचार से ओतप्रोत हो गया था। समारोह स्थल में बुढ़ा देव, आंगा देव सहित गोंडवाना समाज के ईष्ट देवी-देवताओं की स्थापना भी की गई थी। प्रतिदिन गोंड़ियन पद्धति से ईष्ट देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम का विधिवित् शुभारंभ किया गया। इसके अलावा समारोह में रेला, हुलकी, मांदरी आदि सभी गोंडी गीत, संस्कृति एवं परंपराओं की सुमधुर प्रस्तुति भी दी गई। गोंडवाना संस्कृति की जीवंत प्रस्तुति से कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोग भाव विभोर हो गए। इस तीन दिवसीय आयोजन में कांकेर लोकसभा क्षेत्र के सांसद श्री भोजराज नाग, छत्तीसगढ़ औषधि पादप बोर्ड के अध्यक्ष श्री विकास मरकाम, मोहला-मानपुर विधानसभा क्षेत्र श्री इन्द्रशाह मण्डावी, जिला पंचायत मोहला-मानुपर-अंबागढ़ चैकी के जिला अध्यक्ष श्री नम्रता सिंह, गोण्डवाना समाज के प्रदेश अध्यक्ष श्री अकबर राम कोर्राम, गोण्डवाना समाज संभाग मोहला के संभागीय अध्यक्ष श्री नरेन्द्र नेताम, संभागीय संरक्षक श्री जगत सलामे, मोहन हिड़को, श्री सुरेश दुग्गा, संभागीय सलाहकार श्री हीरेसिंह धावड़े, संभागीय महासचिव श्री तुकाराम कोर्राम, नगर पंचायत डौण्डीलोहारा के अध्यक्ष श्री लाल निवेन्द्र सिंह टेकाम, सेवानिवृत्त डीआईजी श्री डीआर आचला, संभागीय पूर्व सचिव श्री पूर्णानंद नेताम, कोषाध्यक्ष श्री तुलसीराम मरकाम, अधिकारी-कर्मचारी प्रकोष्ठ के संभागीय अध्यक्ष श्री चंद्रेश ठाकुर, सचिव श्री कुमार कोरेटी सहित अन्य समाज प्रमुखों के अलावा जनपद अध्यक्ष डौण्डी श्री मुकेश कौड़ो, जनपद अध्यक्ष मोहला मानपुर श्रीमती गेंदकुंवर ठाकुर, जनपद उपाध्यक्ष डौण्डी श्री भोलाराम नेताम, जिला पंचायत सदस्य श्री मिथलेश नरोटी, सुश्री नीलिमा श्याम सहित अन्य जनप्रतिनिधियों के अलावा ब्लॉक अध्यक्ष डौण्डी श्री आत्माराम कौड़ो, ब्लॉक अध्यक्ष ईस्तारी महाराष्ट्र श्री बाबूराव हिड़को, कोटगुल महाराष्ट्र श्री गोविंद टेकाम, छुरिया डोंगरगढ़ श्री दिनेश कोरेटी, मोहला श्री पदुमसिंह तोप्पा, अंबागढ़ चैकी श्री छबिलाल वट्टी, डौण्डीलोहारा श्री अजित कचलाम सहित मानसाय बोगा, मानपुर ब्लॉक के कोषाध्यक्ष श्री मनहरण लाल कुंजाम, श्री कुलेश्वर हिचामी, गोण्डवाना खबर के संपादक श्री जीवराखन लाल उसारे, संभागीय ऑडिटर श्री ओम प्रकाश कोड़ापे, श्री लखन सोरी, श्री मन्ने सिंह मण्डावी, श्री पुरूषोत्तम मण्डावी, डौण्डी ब्लॉक के सचिव चंद्रभान सिंह घावड़े, कोषाध्यक्ष श्री जैस मण्डावी एवं अन्य समाज प्रमुखों के अलावा विशाल संख्या में छत्तीसगढ़ एवं महाराष्ट्र राज्य के गोण्डवाना समाज के लोग उपस्थित थे।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कांकेर लोकसभा क्षेत्र के सांसद श्री भोजराज नाग ने गोण्डवाना समाज के सांस्कृतिक विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने गोण्डवाना संस्कृति को विश्व का सर्वश्रेष्ठ एवं उत्कृष्ट संस्कृति बताया। इस अवसर पर उन्होंने गोण्डवाना समाज संभाग मोहला को सांसद निधि से 10 लाख रूपये की राशि प्रदान करने की घोषणा की। इस अवसर पर छत्तीसगढ़



औषधि पादप बोर्ड के अध्यक्ष श्री विकास मरकाम ने गोण्डवाना समाज एवं संस्कृति की विशेषता एवं महत्ता पर प्रकाश डालते हुए समाज के ऐतिहासिक पहलुओं के संबंध में भी विस्तार से प्रकाश डाला। विधायक मोहला-मानपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री इन्द्रशाह मण्डावी ने समाज के विकास के लिए शिक्षा संगठन एवं मद्य निषेध को आवश्यक बताया। उन्होंने विधायक निधि से गोण्डवाना समाज संभाग मोहला को 10 लाख रूपये की राशि प्रदान करने की घोषणा की। संभागीय अध्यक्ष श्री नरेन्द्र नेताम ने गोण्डवाना समाज संभाग मोहला के सामाजिक संरचना एवं विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए समाज के लोगों को एकता के सूत्र में आबद्ध होकर समाज को शसक्त एवं विकसित बनाने में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नम्रता सिंह ने अपने परिवार का गोण्डवाना समाज संभाग मोहला के साथ जुड़ाव एवं गोण्डवाना समाज के महत्व एवं विशेषताओं पर भी प्रकाश डाला। श्रीमती नम्रता सिंह ने गोण्डवाना समाज संभाग मोहला के भवन के विस्तार हेतु 20 लाख रुपये की राशि प्रदान करने की घोषणा की। नगर पंचायत लोहारा के अध्यक्ष श्री लाल निवेन्द्र सिंह टेकाम ने गोण्डवाना संस्कृति को अत्यंत वैभवशाली बताते हुए इसे अक्क्षुण बनाए रखने तथा इनके संरक्षण एवं संवर्धन हेतु निरंतर कार्य करने की अपील की।

## गोण्डवाना समाज संभाग मोहला के संभागीय पदाधिकारियों का गठन रविवार 08 जून को गोण्डवाना भवन डौण्डी में

**बालोद ( नांदगांव टाइम्स )।** गोण्डवाना समाज संभाग मोहला के संभागीय पदाधिकारियों का गठन कार्यक्रम रविवार 08 जून को बालोद जिले के विकासखण्ड मुख्यालय डौण्डी के गोण्डवाना भवन में आयोजित किया गया है। उल्लेखनीय है कि डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम लिम्हाटोला में 19 से 21 मई तक आयोजित तीन दिवसीय महासभा के अंतिम दिन 21 मई को अत्यधिक बारिश हो जाने के वजह से संभागीय पदाधिकारियों के गठन प्रक्रिया को संपन्न नही किया जा सका। जिसके फ्लस्वरूप कार्यक्रम में उपस्थित सभी समाज प्रमुखों एवं समाज के लोगों के द्वारा सर्वसम्मति से रविवार 08 जून को महासभा के मुख्य कमिटी के अलावा महिला प्रभाग, युवा प्रभाग एवं अधिकारी-कर्मचारी प्रकोष्ठ का गठन करने का निर्णय लिया गया है। समाज प्रमुखों ने समाज के सभी वर्ग के लोगों को रविवार 08 जून को गोण्डवाना भवन डौण्डी में सुबह 11 बजे उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफ्ल बनाने की अपील की है।

## निक्षय निरामय अभियान एवं प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान अंतर्गत जिले के निजी चिकित्सालयों एवं डायग्नोस्टिक सेंटर की बैठक संपन्न

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरत्न की अध्यक्षता में निक्षय निरामय अभियान



एवं प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान अंतर्गत जिले के सभी निजी चिकित्सालयों एवं डायग्नोस्टिक सेंटर की बैठक आयोजित की गयी। सीएमएचओ डॉ. नेतराम नवरत्न ने बताया कि फेस 2 के तहत निक्षय निरामय अभियान 18 मई 2025 से प्रारंभ हो चुका है। उन्होंने पूर्व की भांति संभावित टीबी मरीजों का निजी क्षेत्रों के एक्स-रे सेंटर एवं अस्पतालों द्वारा नि:शुल्क एक्स-रे किये जाने हेतु अपील की गई है। जिससे जिले के अधिक से अधिक संभावित टीबी के मरीजों को एक्स-रे के माध्यम से पहचान किया जा सके। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरत्न ने बताया कि प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान अंतर्गत मातृ मृत्यु अनुपात को कम करने हेतु प्रत्येक माह की 9 एवं 24 तारीख को पीएमएसएमए दिवस का आयोजन सभी चिन्हांकित शासकीय स्वास्थ्य केन्द्रों में आयोजित किया जाता है। जिसमें उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की स्त्रीरोग विशेषज्ञ एवं प्रशिक्षित चिकित्सा अधिकारियों द्वारा जांच की जाती है। चिन्हांकित शासकीय स्वास्थ्य केन्द्रों में निजी स्त्रीरोग विशषज्ञों द्वारा नि:शुल्क वालेंटियर सर्विसेस एवं डायग्नोस्टिक सेंटर से उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी नि:शुल्क किये जाने के लिए सहयोग हेतु अपील की गयी।

# महापौर मधुसूदन यादव ने अटल परिसर निर्माण का लिया जायजा

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** महापौर श्री मधुसूदन यादव निगम के तकनीकि अमला के साथ साफ सफाई एवं निर्माण कार्य देखने आज सुबह वार्ड नं. 19 पहुँचे। उन्होंने वार्ड पार्षद श्रीमती रेखा पारख व समाजसेवी श्री सुमित भाटिया के साथ निर्माणाधीन अटल परिसर के अलावा वर्धमान नगर एवं पूनम कालोनी में पैदल घुम कालोनी वासियो से चर्चा किए।



महापौर श्री यादव निर्माणाधीन अटल परिसर का जायजा लेकर परिसर में कराये जाने वाले कार्यो की जानकारी लिए। उप अभियंता श्री तिलक राज ध्रुव ने बताया कि बाउण्ड्रीवाल एवं पेडेस्टल का कार्य प्रगति पर है तथा गेट एवं रेलिंग लगाकर विद्युतिकरण किया जायेगा। महापौर श्री यादव ने कहा कि निर्माण कार्य में तेजी लाकर जल्द पूर्ण किया जाए। अटल जी की आकर्षक प्रतिमा के साथ साथ सौदर्यीकरण किया जाए। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा नगरीय क्षेत्र में अटल परिसर का निर्माण करने स्वीकृति प्रदान की गयी है। अत: शासन की मंशानुरूप अटल परिसर का भव्यता के साथ समय सीमा में निर्माण किया जावे। महापौर श्री यादव ने वर्धमान नगर एवं पूनम कालोनी में पैदल भ्रमण कर कालोनी वासियो से चर्चा किए। उन्होंने कालोनी में समुचित साफसफाई करने निर्देश दिए।

अधुरी नाली देख नाली को पूर्ण करने कहा, जिससे बारिश में पानी भरान की स्थिति निर्मित न हो। इसी प्रकार उन्होने कालोनी के सुचारू पानी निकासी के लिए नया नाली बनाने प्राक्लन तैयार करने कहा। उन्होंने तकनीकि अधिकारी से कहा कि वार्ड के कार्यो के लिए प्राथमिकता तय करे और आवश्यक कार्य कराने प्रक्रिया करे तथा स्वीकृत कार्य जल्द प्रारंभ करावे। निरीक्षण के दौरान कालोनी वासी सहित निगम का अमला उपस्थित था।

## प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए नामांकन व आवेदन की अंतिम तिथि 31 जुलाई तक

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए नामांकन व आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2025 तक है। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा देश के बच्चों को उनकी असाधारण उपलब्धियों के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार प्रदान किया जाता है। यह पुरस्कार बच्चों के बहादुरी, खेल, सामाजिक सेवाओं, विज्ञान, प्रौद्योगिकी, पर्यावरण, कला, संस्कृति और राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त नवाचार के लिए दिया जाता है। विभिन्न क्षेत्रों में असाधारण प्रतिभा वाले बालकों को प्रतिवर्ष प्रोत्साहित किए जाने के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार प्रदान किया जाता है।

प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार प्राप्तकर्ता प्रत्येक बच्चे को एक पदक एवं एक लाख रूपए, 10 हजार रूपए मूल्य के पुस्तक वाउचर तथा प्रशस्ति प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। पुरस्कार के लिए ऐसे बालक जिनकी आयु 5 वर्ष से अधिक तथा 18 वर्ष से कम होनी चाहिए। पुरस्कार हेतु घटना या उपलब्धि आवेदन व नामांकन हेतु जारी तिथि के 2 वर्ष के भीतर होनी चाहिए। आवेदक को पहले किसी भी श्रेणी में पुरस्कार को प्राप्त नहीं किया होना चाहिए। इस संबंध में विस्तृत जानकारी वेबसाईट 222.2ष्स्र.द्धद्ब.द्बठ्ठ से प्राप्त कर सकते है।

# रेवाडीह पेंड्री बायपास शराब दुकान तत्काल हटाने विधानसभा अध्यक्ष, सांसद व कलेक्टर के सम्मुख भाजयुमो जिला महामंत्री सूर्यवंशी ने की मांग



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** भारतीय जनता युवामोर्चा जिला महामंत्री कमलेश सूर्यवंशी (गोलू) ने पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय/महिला पॉलिटेक्निकल कॉलेज/ शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था , शासकीय एकलव्य आदर्श विद्यालय शिक्षण संस्थान के सामने स्थित 15 दिन पूर्व खुले शराब दुकान तत्काल हटाये जाने की मांग की विदित हो कि राजनांदगांव प्रवास के दौरान विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह जी तथा सासंद संतोष पांडे जी सहित जिलाधीश श्रीमान नरेंद्र सर्वेश्वर भूरे जी व्यक्तिगत भेंट कर बेबाकी से अपनी बात रखते हुए विषय के बारे में अवगत कराया श्री सूर्यवंशी ने बताया कि राजनांदगांव बाईपास मार्ग (रेवाड़ीह) स्थित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की महत्वकांक्षी योजना पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय, महिला पॉलिटेक्निकल कॉलेज, शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था तथा शासकीय एकलव्य आदर्श विद्यालय शिक्षण संस्थानों के ठीक सामने महज 20 मीटर के अंतराल में राजनांदगांव आबकारी विभाग द्वारा नियम विरुद्ध शासकीय शराब दुकान खोलकर उसका संचालन किया जा रहा है जो कि अत्यंत निंदनीय व गैरजिम्मेदाराना और विचलित करने वाला विषय है। विदित हो कि न्यायालय के निर्देशानुसार किसी भी शिक्षण संस्थान/ चिकित्सालय



के आसपास मदिरा दुकान का संचालन करना असंवैधानिक है ऐसे में इतने बहुप्रतीक्षित संस्था पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय स्थित है जिसमें हजारों की संख्या में विधार्थी अध्यनरत है उसके ठीक सामने आबकारी विभाग द्वारा शराब दुकान का संचालन बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है ऐसे में जानकारी देना जरूरी है की क्षेत्रवासियों, बुद्धिजीवियों व जिम्मेदार नागरिकों में नए खुले शराब दुकान को लेकर भयंकर रोष और आक्रोश व्याप्त है। आबकारी विभाग द्वारा जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों/अधिकारियों को भरोसे में लिए बिना उक्त विषय मे एकतरफ निर्णय लेते हुए मनमानी करना स्पष्ट प्रतीत होता है सूर्यवंशी ने विभाग के अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि संस्कारधानी की जनता धृतराष्ट्र की तरह आंखों में पट्टी बांधकर नही रखती जो किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त करेगी तत्काल शराब दुकान को जल्द ही वहाँ से हटाया जाए अन्यथा भविष्य में किसी घोर आक्रोश का सामना विभाग के न्यायालय विरुद्ध अनैतिक कृत्य के चलते जिम्मेदार अधिकारियों को करना पड़ सकता है इस तरह के घोर लापरवाही से हमारी सरकार की क्षवि जनता के बीच धूमिल करने का प्रयास कतई स्वीकार्य नही होगा। अत: भविष्य गढ़ने वाले संस्थान में अध्यनरत महिला विधार्थी तथा (बालक-बालिका) छात्रहित में शराब दुकान को बंद कर उक्त स्थान से तत्काल हटवाने निवेदन किया गया! जिसपर गंभीरता दिखाते हुए माननीय डॉ. रमन सिंह जी ने संज्ञान लेते हुए त्वरित कार्यवाही करने का भरोसा जताया।

## धर्म समाचार....

# अनजाने में किए गए पाप कर्मों से मुक्ति दिलाता है अपरा एकादशी का व्रत

ज्येष्ठ मास के कृष्ण पक्ष की एकादशी को अपरा एकादशी और अचला एकादशी (शुक्रवार, 23 मई) कहते हैं। इस तिथि पर भगवान विष्णु के लिए व्रत-उपवास करते हैं, भगवान का महालक्ष्मी के साथ अभिषेक किया जाता है। इस बार शुक्रवार को एकादशी होने से इस दिन शुक्र ग्रह की भी विशेष पूजा करनी चाहिए। शुक्र ग्रह की पूजा से कुंडली के ग्रह दोषों का असर कम हो सकता है। उज्जैन के ज्योतिषाचार्य पं. मनीष शर्मा बताते हैं, अपरा एकादशी वह व्रत है, जिसमें भक्त जाने-अनजाने में किए गए पापों के लिए भगवान से क्षमा मांगते हैं। इस दिन का व्रत और पूजन जीवन में सुख-शांति, समृद्धि और सफ्लता लाता है। ये व्रत मन को शांति प्रदान करने वाला माना जाता है।

**ये है व्रत और पूजा की विधि**

जो भक्त एकादशी व्रत करना चाहते हैं, उन्हें एक दिन पहले यानी दशमी (22 मई) की शाम से इसकी तैयारी शुरू कर देनी चाहिए। दशमी की शाम खाने में सात्विक आहार लें। सूर्यास्त के बाद भगवान विष्णु का ध्यान करें, ऊँ नमो भगवते वासुदेवाय मंत्र का जप करें।



अगले दिन यानी एकादशी पर सुबह ब्रह्म मुहूर्त से पहले जागें और स्नान आदि कामों के बाद उगते सूर्य को जल चढ़ाएं। घर के मंदिर में सबसे पहले गणेश पूजा करें। इसके बाद भगवान विष्णु और महालक्ष्मी की पूजा शुरू करें।

भगवान विष्णु और लक्ष्मी जी का दक्षिणावर्ती शंख से अभिषेक करें। पीले वस्त्र और हार-फूल से श्रृंगार करें। पूजन सामग्री चढ़ाएं। माखन-मिश्री, मिठाई का भोग तुलसी के साथ लगाएं। धूप-दीप जलाएं, आरती करें। ऊँ नमो भगवते वासुदेवाय मंत्र का जप करें। भगवान के सामने एकादशी व्रत करने का संकल्प लें। पूजा के बाद प्रसाद बांटें।

एकादशी व्रत में दिनभर निराहार रहना होता है, लेकिन जो लोग भूखे नहीं रह पाते हैं, वे फ्लाहार कर सकते हैं, दूध और फ्लों के रस का सेवन कर सकते हैं।

सुबह-शाम भगवान की पूजा करें। मंत्र जप और भगवान की कथाएं पढ़ें-सुनें। अगले दिन यानी द्वादशी की सुबह भगवान की पूजा करें, जरूरतमंद लोगों को भोजन कराएं, इसके बाद स्वयं भोजन करें। इस तरह एकादशी व्रत पूजा होता है।

**अचला एकादशी की पौराणिक कथा**

प्राचीन काल में महिध्वज नामक एक राजा थे। उनके छोटे भाई वज्रध्वज ने ईर्ष्या के कारण उनकी हत्या कर दी और शव को एक पीपल के पेड़ के नीचे दफ्ना दिया। अकाल मृत्यु के कारण महिध्वज की आत्मा प्रेत बन गई और उस स्थान पर भय फैलाने लगी।

एक दिन वहां एक तपस्वी ऋषि पहुंचे। उन्होंने योगबल से यह सब जान लिया। उन्होंने अपरा एकादशी का व्रत रखा और उसकी द्वादशी तिथि पर व्रत का पुण्य राजा की आत्मा को अर्पित किया। इससे राजा की प्रेत योनि से मुक्ति हो गई और उसे मोक्ष की प्राप्ति हुई।

## भगवान विष्णु और नारद मुनि का प्रसंग : जब कोई सलाह दे तो उस व्यक्ति की भावना जरूर समझें, अहंकार में किसी की सलाह का अनादर न करें



एक बार नारद मुनि ने कामदेव को पराजित कर दिया था। वे संयम में थे, ध्यान में थे और उन पर कामदेव का असर नहीं हुआ। इस उपलब्धि ने नारद के भीतर अहंकार भर दिया। अब वे जहां-जहां जाते, यह कहते कि च्मैंने कामदेव को जीत लिया है, वह भी बिना क्रोध, बिना लोभ के।ज्ज् इस आत्मप्रशंसा में वे कैलाश पर्वत जा पहुंचे और भगवान शिव से भी यही बात कही। शिव जी मुस्कराए। उन्होंने कामदेव को भस्म किया था, लेकिन वे जानते थे कि भावनाओं की परीक्षा से अहंकार उत्पन्न हो सकता है। उन्होंने नारद से कहा, च्आपने जो किया, वह सराहनीय है, ये बात आपने मुझे कही, ये भी ठीक है, लेकिन अब ये बात विष्णु जी से मत कहना। लेकिन हमारा स्वभाव होता है कि जिसे मना किया जाए, वही काम हम पहले करते हैं। नारद मुनि शिव जी की बात को अनदेखा कर सीधे विष्णु जी के पास पहुंच गए और वही कहानी सुनाई। विष्णु जी सब समझ गए कि मेरे भक्त को अहंकार हो गया है। इसके बाद विष्णु जी ने एक लीला रची, जिससे नारद का घमंड चूर हो गया। विष्णु जी के कारण नारद मुनि को मोह, अपमान, क्रोध और दु:ख का अनुभव हुआ। तब उन्हें अपनी गलती समझ आई। इस कथा का सबसे गहरा संदेश शिव जी की बातों में छिपा है। शिव जी ने नारद मुनि से कहा था- च्आप बार-बार कह रहे हैं कि आपने कामदेव को पराजित कर दिया है, लेकिन लोग तो आपके मुख से रामकथा सुनना चाहते हैं और आप कामकथा सुना रहे हैं। जो हमारा मूल धर्म है, कार्य, उत्तरदायित्व है, हमें उसी को निभाना चाहिए।**कथा की सीख**- अहंकार में अच्छी सलाह को अनदेखा न करें: जब कोई सलाह दे तो पहले यह देखें कि सलाह देने वाला कौन है और उसका उद्देश्य क्या है। कई बार हम समझते हैं कि सामने वाला हमारा बुरा चाहता है, जबकि वह नि:स्वार्थ भाव से हमें बचाना चाह रहा होता है। अपने मूल कर्तव्य से विचलित न हों: हर व्यक्ति का एक मुख्य कार्य होता है। यदि वह उसे छोड़कर दूसरे क्षेत्र में चला जाए तो न केवल असफ्लता मिलती है।

- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोट्र्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉफ्ट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बैट, टी-टी बैट, ट्रेक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...





स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

# नालंदा परिसर आने वाली पीढ़ियों के लिए बहुत महत्वपूर्ण सौगात : डॉ. रमन सिंह

## विधानसभा अध्यक्ष ने नगर पालिक निगम राजनांदगांव अंतर्गत लगभग 25 करोड़ रूपए की लागत के विभिन्न विकास कार्यों का किया भूमिपूजन एवं लोकार्पण






**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने अपने राजनांदगांव प्रवास के दौरान आज ऊर्जा पार्क में नगर विकास के अंतर्गत लगभग 25 करोड़ रूपए की लागत के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने आज लगभग 30 लाख रूपए लागत के पुष्पवाटिका में निर्मित फिश एक्वेरियम का लोकार्पण किया। इसके साथ लगभग 12 करोड़ रूपए लागत के नालंदा परिसर तथा लगभग 12 करोड़ रूपए की लागत से मूलभूत सुविधा के तहत रोड, नाली, सामुदायिक भवन, मंच, उद्यान, प्रवेश द्वार, शेड निर्माण सहित विभिन्न कार्यों का भूमिपूजन किया।विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि विकास के नये आयाम और नई दरवाजे खुल रहे हैं। नई पीढ़ी के निर्माण के लिए नालंदा परिसर बड़ा कारगर सेंटर बनेंगा। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि नालंदा परिसर जब किसी शहर में आ जाए तो हजारों युवकों में परिवर्तन लाता है। उन्होंने कहा कि राजनांदगांव के विकास के बड़े कार्यों में मेडिकल कॉलेज, स्टेडियम के साथ अब नालंदा परिसर जुड़ जाएगा। नालंदा परिसर बनने से युवा पीढ़ी के निर्माण का कार्य होगा। नालंदा परिसर 24 घंटे खुला रहेगा। यहां हजारों बच्चे रजिस्ट्रेशन कराएंगे। इस नालंदा परिसर से हजारों बच्चे सीजीपीएससी, यूपीएससी, पुलिस, शिक्षक, आईआरएस जैसी विभिन्न भर्ती एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर सकेंगे। इस नालंदा परिसर में इंटरनेट से कनेक्ट 50 कम्प्यूटर और लैपटॉप रहेंगे और दुनिया की सारी जानकारी यहां से ले सकेंगे। यह रायपुर के नालंदा परिसर जैसे होगा। वहां के हजारों बच्चे अलग-अलग परीक्षाओं में पास हो चुके है। आने वाली पीढ़ियों के लिए नालंदा परिसर बहुत महत्वपूर्ण सौगात होगी। सांसद श्री संतोष पाण्डेय ने कहा कि नालंदा परिसर राजनांदगांव के लिए ऐतिहासिक होगा। उन्होंने कहा कि नालंदा परिसर छत्तीसगढ़ के कुछ ही जगहों पर है। उन्होंने कहा कि 500 बच्चे एक साथ बैठकर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर सकते हैं। महापौर श्री मधुसूदन यादव ने कहा कि दंतेवाड़ा और रायपुर के तर्ज पर छात्र-छात्राओं को नालंदा परिसर की सौगात मिलेगी। यह परिसर 24 घंटे चलने वाला परिसर होगा। इसमें 500 बच्चे अध्ययन कर सकेंगे। सीजीपीएससी, यूपीएससी, व्यापम और बहुत सारे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर सकेंगे। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने स्वागत उद्बोधन देते हुए बताया कि लगभग 25 करोड़ रूपए के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया। उन्होंने बताया कि शहर में लगभग 12 करोड़ रूपए की लागत से नालंदा परिसर बनेगा। इसमें 500 बच्चे विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयार कर सकेंगे। यह 24 घंटे संचालित होगी। यहां 2 लेक्चर हॉल का निर्माण किया जाएगा। 10 हजार किताबों की लायब्रेरी होगी। 50 सीटर इंटरनेट सहित कम्प्यूटर होंगे जिससे बच्चें ऑनलाईन पढ़ाई कर सकेंगे। यह भवन पूर्ण रूप से वातानुकुलित होगी। उन्होंने बताया कि पुष्पवाटिका में निर्मित फिश एक्वेरियम का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव, अध्यक्ष जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक श्री सचिन बघेल, अध्यक्ष पर्यटन मंडल श्री नीलू शर्मा, श्री कोमल सिंह राजपूत, पूर्व सांसद श्री प्रदीप गांधी, श्री खूबचंद पारख, श्री रमेश पटेल, श्री दिनेश गांधी, श्री राजेन्द्र गोलछा, श्री संतोष अग्रवाल, नगर निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में पार्षदगण, जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी-कर्मचारी एवं नगरवासी उपस्थित थे।



**नालंदा परिसर 24 घंटे रहेगा खुला**

## केशोंखैरी मे जिला पंचायत सभापति बिरम मंडावी ने किया श्रमदान

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** जल संरक्षण और संवर्धन की दिशा में सामुदायिक पहल कर जन सहयोग से श्रमदान कर बोरी बंधान करने लोगों को जागरूक करने और नहर नाला में बोरी बंधान करने का काम किया जा रहा है। कलेक्टर व सीईओ जिला पंचायत सुरुचि सिंह के निर्देश पर गुरुवार को ग्राम पंचायत केशोंखैरी (तीरथगढ़ )में श्रम दान कर बोरी बांधने का कार्य किया गया।



इसमें जनप्रतिनिधियों का समर्थन एवं सहयोग प्राप्त हुआ। बोरी बंधान करने में जिला पंचायत सभापति राजनांदगांव बिरम राम कुमार मंडावी, रामकुमार मंडावी सरपंच स्वाती मंडावी, शकुंतला उइके, मालती बाई, सतेन्द्र तारम, पूरन लाल मेश्राम, भानु प्रताप मंडावी, आत्माराम साहू, प्यारी मंडावी ग्राम प्रमुख, सीईओ जनपद पंचायत, कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा, रोजगार सहायक बड़ी संख्या में ग्रामीण जन और महिलाएं उपस्थित हुए।

## खड़गांव व आतरगांव में समाधान शिविर आज

**मोहला (नांदगांव टाइम्स)।** सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत 23 मई को जनपद पंचायत मानपुर के ग्राम पंचायत खड़गांव और जनपद पंचायत अंबागढ़ चौकी के ग्राम पंचायत आतरगांव में समाधान शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर में विभिन्न योजनाओं से अनेक हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा। शिविर के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जाएगा। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहेंगे। शिविर में शासन द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति ने ग्रामीणजनों को शिविर में उपस्थित होने अपील की है।

## अंतर्राष्ट्रीय धुम्रपान निषेध दिवस 31 मई को

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** अंतर्राष्ट्रीय धुम्रपान निषेध दिवस पर 31 मई 2025 को धुम्रपान एवं नशापान से होने वाले दुष्परिणामों




के प्रति समाज में जन चेतना विकसित करने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। तम्बाकू या तम्बाकूयुक्त निर्मित विभिन्न उत्पादों के सेवन से सभी वर्गों में गंभीर व्याधियां होती है, जो सभी के लिए चिंता का विषय है। जनसामान्य में धुम्रपान और तम्बाकू सेवन करने की प्रवृत्ति पर प्रभावी नियंत्रण लाने एवं इसके विरूद्ध व्यापक जन चेतना विकसित करने हेतु जनप्रतिनिधियों, नागरिकों, विभिन्न सामाजिक संस्थाओं, विभागों एवं अन्य संस्थान के सहयोग से नशापान के दुष्परिणामों को प्रचारित करने विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

## महापौर पीएमश्री सर्वेश्वर दास विद्यालय के समर कैम्प समापन समारोह में हुए शामिल



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** महापौर श्री मधुसूदन यादव पीएमश्री सर्वेश्वर दास नगर पालिक निगम उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय राजनांदगांव में बच्चों के लिए आयोजित समर कैम्प के समापन समारोह में शामिल हुए। महापौर श्री मधुसूदन यादव ने समर कैम्प में प्रतिभागी बच्चों को मेडल व सर्टिफिकेट प्रदान कर उत्साहवर्धन किया तथा समर कैम्प में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सभी शिक्षकों को प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में चेयरमेन नगर पालिक निगम श्री राजा माखीजा, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष श्री कमलेश सूर्यवंशी ने भी बच्चों को संबोधित किया। जिला शिक्षा अधिकारी श्री प्रवास सिंह बघेल ने बच्चों को समर कैम्प में कैरियर गाईडेंस के बारे में विस्तार से जानकारी दी तथा विद्यार्थियों को जीवन में लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढने प्रेरित किया। 10 दिनों तक चले समर कैम्प के शैक्षणिक संवर्धन, कौशल आधारित कार्यशाला कला शिल्प, संस्कृति, खेल एवं शारीरिक, संसाधन व्यक्तित्व, वित्तीय साक्षरता, ईकोक्लब, वाद प्रतिवाद एवं खेलकूद सहित अन्य गतिविधियों में प्रतिदिन लगभग 80 बच्चे शामिल हुए। इस अवसर पर जिले के पीएमश्री के नोडल श्री सतीश ब्यौहारे, एपीसी समग्र शिक्षा श्री आदर्श वासनिक एवं विद्यालय के प्राचार्य श्री धनीराम देवांगन व शिक्षक तथा बच्चे उपस्थित थे।



## राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा में राजनांदगांव जिले ने प्राप्त किया पांचवां स्थान

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा (एनएमएमएस) में राजनांदगांव जिले ने पांचवां स्थान प्राप्त किया है तथा छात्रवृत्ति के लिए जिले के 141 विद्यार्थियों का चयन हुआ है। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा में चयनित विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई एवं उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी है। जिला शिक्षा अधिकारी श्री प्रवास सिंह बघेल ने बताया कि शासन द्वारा राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा चयनित विद्यार्थियों को कक्षा 12वीं तक प्रत्येक वर्ष 12 हजार रूपए की राशि प्रदान की जाएगी। उन्होंने बताया कि वर्ष 2024-25 के राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा में शामिल होने के लिए सर्वाधिक बच्चों ने पंजीयन कराया था। शिक्षकों द्वारा परीक्षा में शामिल होने वाले पंजीकृत बच्चों को परीक्षा की तैयारी कराई गई। साथ ही शिक्षा विभाग के अधिकारियों द्वारा शिक्षकों एवं बच्चों को आवश्यक मार्गदर्शन भी दिया गया।

## राजनांदगांव को संभाग का दर्जा दिलाने का विष्णुदेव साय द्वारा प्रयास

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय राजनांदगांव को संभाग का दर्जा दिलाने का विष्णुदेव साय द्वारा प्रयास किया जा रहा है जो महत्वपूर्ण कार्य है। जिसमें कवर्धा, खैरागढ़, मोहला, बालोद को शामिल किया जाना है। मोहला, खैरागढ़ अलग होने से जो व्यापार प्रभावित हुआ है वह पुनः स्थापित हो जाएगा। और संपूर्ण संभाग की जनता को संभाग मुख्यालय आना होगा। पूर्व में जनहित मोर्चा द्वारा संभाग बनाने की मांग की गई थी, उक्त महत्वाकांक्षी प्रयास के लिए जनहित मोर्चा सराहनीय पहल मानती है। आशा है कि यह कार्य शीघ्र हो, यह जानकारी जनहित मोर्चा के सचिव घनश्यामदास वैष्णव ने प्रेस विज्ञप्ति में दी।

## कलडबरी में दो वाहन को आधी रात में अज्ञात व्यक्तियों ने किया आग के हवाले



**राजनांदगांव/डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** ग्राम कलडबरी ( डोंगरगांव) में 14 मई की दरमियानी रात लगभग 12:30 बजे के आसपास कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा राहुल साहू के यात्री वाहन बोलेरो कीमत लगभग चार लाख और हुमन साहू के मालवाहक पिकअप कीमत लगभग सात लाख बताई जा रही है जिसे कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने दोनों वाहनों को आग के हवाले कर दिया है । भीषण गर्मी के कारण देखते ही देखते दोनों वाहन जलकर खाक हो गए। वाहन मालिकों ने शक के आधार पर स्पष्ट रूप से थाना में दो व्यक्ति के नाम पर एफआई आर भी दर्ज करा दिया गया है। परंतु थाना से अभी तक इन आरोपियों पर कोई ठोस कार्यवाही नहीं की गई है। इस घटना से गांव में दहशत का माहौल व्याप्त है। आम लोगों में डर है कि कोई भी आदमी आपसी रंजिश भुनाने किसी की वाहन या किसी के घर पर आग लगाकर चुपके से बच सकता है। इसलिए ऐसे सामाजिक तत्वों पर कठोर कार्रवाई की मांग की गई है पुलिस ने इस मामले में दर्ज कर आवदेन के आधार पर जांच में जुटी गई है।



# खाद की कालाबाजारी में संलिप्त गैंदाटोला का भाजपा नेता



## कृषि विभाग ने यूरिया जप्त कर बनाया पंचनामा

**छुरिया (नांदगांव टाइम्स)।** राजनीति पार्टी से जुड़कर नियम कानून विरुद्ध जो करना है कि तर्ज पर एक भाजपा कार्यकर्ता स्कूल समिति में मिले पद का दुरुपयोग कर अपने व्यवसाय के लिए स्कूल संपदा के स्कूल के कमरे को गोदाम के रुप में इस्तेमाल किये जाने कि बात सामने आई है। ऐसे में जानकारों का कहना है खाद बीज व अन्य लाइसेंसी व्यवसाय करने वालों को जीस भी व्यवसाय में लगने वाले माल संबंधी विभाग को भवन का नक्शा जमा करना होता है व जहां जहां भी गोदाम हो उसकी जानकारी विभाग को मूहिया कराई जाती है। जो इस गैंदाटोला में आये ताजा मामले में देखने को नहीं मिला।

एक तरफजहां किसान खाद की कमी को लेकर बहुत चिंतित है और हाहाकार मचा हुआ है वहीं सत्ता सरकार और पैसों के दम पर खाद की कालाबाजारी में भाजपा नेता खाद का स्टाक बना कर पैसे कमाने में लगा है। ये कालाबाजारी करने वाला और कोई नहीं गैदाटोला का भाजपा नेता है। जैसा कि शासन प्रशासन के अधिकारियों ने स्कूल के एक कमरे में डंप कर रखी गई 560 बोरी यूरिया खाद को जप्त किया और यह खाद गैंदाटोला का एक व्यापारी भाजपा नेता का होना पाया गया है। अब प्रश्न यह उठता है कि ये 560 बोरी भाजपा नेता की है तो उसने इस खाद को स्कूल के एक कमरे में स्टाक करके कैसे रखा। क्या स्कूल का कमरा किराये से दिया गया था या सत्ता सरकार और शाला समिति का अध्यक्ष होने के भौकाल को लेकर स्कूल के एक कमरे को खाद गोदाम बना दिया गया था। इसमें शाला प्रबंधन समिति और प्राचार्य को कारण बताओ नोटिस जारी किया जाना चाहिये कि किस आधार और किस अनुमति के आधार पर स्कूल के एक कमरे को खाद गोदाम बनाने के लिये दिया गया। यदि कमरे को शाला प्रबंधन की बिना अनुमति के लिये गोदाम का उपयोग किया जा रहा था तो प्राचार्य द्वारा पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज क्यों नहीं करवाई गई। क्या प्राचार्य और शाला प्रबंधन समिति का भाजपा नेता के साथ कोई मिलीभगत या सांठगांठ के तहत स्कूल का एक कमरा गोदाम के लिये उपलब्ध कराया गया क्योंकि भाजपा नेता शाला विकास समिति के अध्यक्ष हैं और सत्ता सरकार और भाजपा नेता होने के कारण इस तरह की सुविधा उपलब्ध कराई गई। आम जनता अब यह देखना चाह रही है कि यूरिया खाद को स्टाक बनाकर रखने वाले भाजपा नेता पर क्या कार्यवाही होती है और शाला के प्राचार्य पर एवं शाला प्रबंधन समिति पर किस तरह की कार्यवाही हो पायेगी या भाजपा की सत्ता सरकार और भाजपा पार्टी से जुड़े होने के कारण से किसी भी सरकारी कार्यवाही से बच कर बाहर आकर अपने कारोबार में लग जायेगा खाद का व्यापार करने वाला और प्राचार्य भी बच जायेगा। देखते हैं किस प्रकार की कार्यवाही होगी इस प्रकार के कार्य में संलिप्त होने



प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मोः 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com